ont>

Title: Need to allocate Rs. 100 crores for early completion of Amravati-Narkhed railway line project in Maharashtra- Laid.

श्री अनंत गुढे (अमरावती): उपाध्यक्ष महोदय, अमरावती-नरखेड रेलवे लाईन परियोजना का कार्य शुरू किया गया है। इस परियोजना का सर्वे सन 1905 से चल रहा है तथा इस परियोजना को 1995 में कार्यान्वित किया गया, लेकिन 200 करोड़ की इस परियोजना को रेलवे बजट में प्रतिर्वा मिलने वाली राशि बहुत कम है।

रेलवे लाईन परियोजना के लिए यहां की जमीनों का आबंटन हो चुका है। अमरावती के रिद्दपुर स्टेशन तक मिट्टी का कार्य और छोटे बड़े सभी पुलों का कार्य हो चुका है। कई जगहों पर स्टेशन की इमारतों का कार्य चल रहा है। इस क्षेत्र के लिए यह रेलवे लाईन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस मार्ग से आने वाली कृाि उपज एवं यात्रियों को नागपुर के अलावा दूसरा मार्ग उपलब्ध नहीं है। इस परियोजना के विलम्ब की वजह से इसकी लागत भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि सन 2003-04 के रेलवे बजट में इस परियोजना के लिए कम से कम 100 करोड़ रूपयों का प्रावधान कर इस परियोजना को पूर्ण किया जाये।